-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 08.04.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना मटौंध पुलिस द्वारा मोबाइल छिनने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह के 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्तों के कब्जे से छिना हुआ मोबाइल फोन बरामद।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक के निकट पर्यवेक्षण में थाना मटौंध पुलिस द्वारा मोबाइल छिनने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह के 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि दिनांक 06.04.2026 को प्रयागराज के रहने वाले कृष्ण माधव के साथ 03 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मोटसाइकिल से मोबाइल छिनकर ले जाने की सूचना थाना मटौंध में दी गई थी। जिसके सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का लगाया गया था। इसी क्रम में आज दिनांक 08.04.2026 को थाना मटौंध पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर घटना को अंजाम देने वाले तीन अभियुक्तों को जखौरा अण्डर पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से छिना हुआ एक मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुआ है।

बरामदगी-

- 01 मोटरसाइकिल (घटना में प्रयुक्त)
- 01 मोबाइल फोन (छिना हुआ)

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. राहुल पुत्र देवीदीन उम्र निवासी कस्बा कबरई थाना कबरई जनपद महोबा।
2. रंजीत पुत्र दशरथ निवासी ग्राम लिलवाही थाना कबरई जनपद महोबा।
3. कल्लू उर्फ परशुराम पुत्र शिवराम निवासी वीला थाना कबरई जनपद महोबा।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0 68/26 धारा 304(2)/3(5)/317(2) बीएनएस थाना मटौंध जनपद बांदा।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. श्री दीपेन्द्र सिंह प्र0नि0 थाना मटौंध
2. उ0नि0 श्री देवेन्द्र कुमार
3. उ0नि0 श्री विकास नेहरा
4. कां0 अच्छेलाल